# अधिकारी भाजपा कार्यकर्ताओं के काम को प्राथमिकता के आधार पर करें: नायब सैनी

## सीएम का कांग्रेस पर तंज: कांग्रेस नेता हरियाणा की जनता की चिंता करने की बजाय दिल्ली दरबार में भरते थे हाजिरी





जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह भाजपा के कार्यकर्ता जब भी कोई काम लेकर आएं तो प्राथमिकता के आधार पर करने का काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के हित के लिए बोलते हैं और लोगों के काम लेकर आते हैं। वह कोई गलत काम करवाने के लिए कभी नहीं आते। ऐसे में अधिकारियों का फर्ज बनता है कि वह लोगों के सामूहिक काम करें। नायब सैनी शनिवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र की बादली विधानसभा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि उनका कोई भी काम हो तो भाजपा के हर कार्यकर्ता और स्थानीय विधायक या चुनाव लड़ चुके व्यक्ति से मिलें। अगर उन्हें लगता है कि उनकी बात को नहीं सुना जा रहा है तो मुख्यमंत्री के दरवाजे 24 घंटे आप लोगों के लिए खुले हैं।

**सीएम बोले, भाजपा सरकार ने पारदशी आधार पर दी नौकरियां, युवाओं का शिक्षा के प्रति बढ़ा विश्वास**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस राज में कांग्रेसी नेताओं को हरियाणा की जनता की चिंता नहीं होती थी, बल्कि वह दिल्ली में बैठे अपने आकाओं की हाजिरी भरने में लगे रहते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में एक युवा को नौकरी लगने के लिए पूरा गांव मंत्री और मुख्यमंत्री के चक्कर काटता था, लेकिन हरियाणा में मनोहर लाल की सरकार बनने के बाद नौकरियों का सिस्टम ऐसा बना दिया गया कि अब किसी को भी कहीं चक्कर काटने की जरूरत नहीं है और न ही किसी को कोई पैसे देने की जरूरत है। ऐसे में युवाओं का शिक्षा के प्रति विश्वास पैदा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग गांव में कुछ लोगों को बहका कर सरकार के खिलाफ खड़ा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सरपंचों से कहा कि वह अपने इलाके में विकास के कार्य करवाए, सरकार उनके साथ खड़ी है।

### कांग्रेस शासन में किसानों को दिए 2 से 5 रुपये के चैक

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की बात करने वाले लोगों के शासन को किसानों ने अच्छी तरह से देखा है। कांग्रेस के राज में 2 और 5 रुपए के चैक किसानों के लिए आते थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने 10 साल में प्रदेश के किसानों को साढ़े 12 हजार करोड़ रुपए खराब फसलों के मुआवजे के रूप में देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के नाम पर देश के किसानों के खाते में साढ़े 3 लाख करोड़ रुपए सीधे ट्रांसफर किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर व्यक्ति की समस्या को समझ कर उसका उचित समाधान करने का काम कर रही है।

### कांग्रेस ने कभी देश के साथ न्याय नहीं किया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र में न्याय की बात करती है, परंतु कांग्रेस राज में सदा अन्याय होता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को खत्म करने और तीन तलाक सिस्टम को समाप्त करने का काम करके देश के लोगों के साथ न्याय करने का काम किया है। उन्होंने रसोई गैस के सिलेंडर, बिजली की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि हर मामले में कांग्रेस राज में लोगों के साथ अन्याय होता था लेकिन आज देश के लोग राहत की सांस ले रहे हैं।

### आचार संहिता हटते ही बादली हलके को मिलेगी कई सौगातः धनखड़

पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं बादली विजय संकल्प रैली संयोजक ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटाने में रोहतक लोकसभा की भागीदारी थी। अब मोदी जी ने देश में समान नागरिक संहिता का कानून बनाने की बात कही है राज्य मंत्री विशंभर वाल्मीकि ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा मजबूरी में चुनाव लड़ रहे हैं,क्योंकि उनके पिता ने अपनी उम्र का वास्ता देकर चुनाव लड़ने से मना कर दिया।

## सीएम सैनी और मनोहर की रैलियों का रोडमैप तैयार

जगमार्ग ब्यूरो



**चंडीगढ़।** लोकसभा मिशन 2024 को फतह करने में भाजपा के सियासी दिग्गज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मैदान में उतरे हुए हैं। दोनों दिग्गज नेताओं का फोकस हरियाणा से विपक्ष का सुपड़ा साफ करना है। चुनावों की घोषणों के बाद से ही सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल ताबड़तोड़ रैलियां करके चुनाव को एकतरफा ले जाने में लगे हैं। दोनों दिग्गज नेताओं का लक्ष्य जल्दी से जल्दी 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां संपन्न कर लेना है। प्रदेश मीडिया सह-प्रमुख शमशेर खरक ने बताया कि सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल 40 के लगभग रैलियां कर चुके हैं। भाजपा ने अभी 2 मई तक का शेड्यूल जारी किया है जिसमें मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री हर रोज चार से पांच रैलियां करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 28 अप्रैल रविवार को सुबह 10 बजे रादौर विधानसभा और सायं 5 बजे पंचकूला विधानसभा में विजय संकल्प रैली करेंगे। 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री 10 बजे गुरुग्राम में लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह यादव का नामांकन करवाएंगे, वहीं 1 मई को प्रातः 10 बजे अंबाला में बंतो कटारिया का नामांकन करवाएंगे। 2 बजे पुण्डरी विधानसभा में विजय संकल्प रैली करेंगे। 2 मई को 10 बजे मुख्यमंत्री श्री सैनी थानेसर में कुरुक्षेत्र लोकसभा उम्मीदवार नवीन जिंदल का नामांकन करवाएंगे।

**रविवार से से 2 मई तक हर दिन चार से पांच रैलियां करेंगे सीएम और पूर्व सीएम**

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 28 अप्रैल को सुबह 10 बजे गढ़ी-सांपला किलोई, 3 बजे राई विधानसभा में रैलियां करेंगे। इसी तरह 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे आदमपुर, 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे चरखी दादरी, 2 बजे तोशाम और 3.30 बजे असंध विधानसभा में रोड शो करेंगे। 1 मई को 11 बजे सफीदो, सायं 4 बजे पटौदी विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## संस्कृति मॉडल स्कूल की मनमानी पर बाल संरक्षण आयोग का कड़ा संज्ञान

जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** निजी स्कूलों के पैटर्न पर खोले गए संस्कृति मॉडल स्कूलों में दाखिले पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने दाखिला नहीं देने पर संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-26 पंचकूला के प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यही नहीं आयोग की ओर सो जिला शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाते हुए तीन दिन के भीतर दाखिला करने के निर्देश दिए हैं।



**हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संस्कृति मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य और अध्यापक को जारी किया कारण बताओ नोटिस**

दरअसल, गुलाब सिंह ने हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को शिकायत दी कि उसके बच्चे हसंजोत का छठी कक्षा में दाखिला नहीं किया गया, जोकि शिक्षा अधिनियम 2005 की धारा 16 का उल्लंघन है। आयोग की ओर से इस संज्ञान लेते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य और छठी कक्षा के प्रभारी शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर बच्चे के प्रवेश नकारने के आधार का स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि स्पष्टीकरण में सभी कानूनी और नियामक मानदंडों को उल्लेखित करके विस्तृत स्पष्टीकरण भेजा जाए। यही नहीं आयोग द्वारा कानूनी उल्लंघना के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है। प्रधानाचार्य और कक्षा प्रभारी को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण जवाब आयोग के कार्यालय में जमा कराना होगा। आयोग की ओर से स्पष्टीकरण नोटिस की एक प्रति शिक्षा निदेशालय को भेजी गई है और जिला शिक्षा अधिकारी को सिफारिश की है कि बच्चे का आरटीई अधिनियम प्रावधानों के तहत दाखिला कराकर तीन दिन के भीतर आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

वहीं अधिवक्ता रविंद पंघाल और लेखराज शर्मा ने संस्कृति मॉडल स्कूलों की मनमानी पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से इन पर अंकुश लगाना चाहिए। सीबीएसई से सम्बद्ध होने पर संस्कृति मॉडल स्कूल के शिक्षक बच्चों से ठीक तरह से व्यवहार नहीं करते हैं और दाखिले के दौरान इनकी कार्यशैली ठीक नहीं रहती है। शिक्षा विभाग को संस्कृति मॉडल स्कूलों की कार्यशैली को सुधारने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय और एचकेसीएल के बीच हुआ एमओयू

जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। विद्यार्थियों को आईटी और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए समझौता किया गया है। समझौता ज्ञापन पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने हस्ताक्षर किए।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों को आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साझेदारी के माध्यम से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब कौशल विकास के लिए एचकेसीएल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न आईटी और स्किल कोर्स विश्वविद्यालय में रहकर ही कर सकेंगे। हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि आईटी और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। इस साझेदारी से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स कर सकेंगे, जो उनके विश्वविद्यालय के कोर्स के साथ-साथ उन्हें कौशल विकास प्रदान कर उनका आत्मविश्वास बढ़ा विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए सशक्त बनाएगा।

### एचकेसीएल 2 लाख से अधिक को दे चुका प्रशिक्षण

बता दें कि हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड पिछले दस वर्षों से अधिक समय से हरियाणा प्रदेश में दो लाख से अधिक नागरिकों को आईटी और कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान कर चुका है। समझौता ज्ञापन के हस्ताक्षर करने के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना, प्लेसमेंट सेल के समन्वयक तरुण सैनी, एचकेसीएल से प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार और बिजनेस एनालिस्ट विकास बिश्नोई उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने मेवात के लोगों से वोट तो ली, लेकिन विकास के मामले में पीछे रखा: नायब सैनी

**चंडीगढ़/ पुन्हाना (जगमार्ग न्यूज)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस मेवात के लोगों का वोट तो लेती रही है, लेकिन कांग्रेस ने विकास के मामले में मेवात को पीछे रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेवात की चिंता की है। प्रधानमंत्री की सोच है कि मेवात पिछड़ा इलाका नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसकी गिनती विकास के मामले में अग्रणी जिलों में होनी चाहिए। यही कारण है कि पिछले 10 सालों में मेवात के विकास ने नई करवट ली है। सीएम सैनी शनिवार को गुरुग्राम लोकसभा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में पुन्हाना में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा की सरकार ने मेवात क्षेत्र के लोगों के लिए पीने के पानी की समस्या को खत्म करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। इन्हीं 10 सालों में यहां नए-नए उद्योग लगे हैं। डबल इंजन की सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया है। सीएम सैनी ने कहा कि 2014 में जब भाजपा की सरकार सत्ता में आई तो मेवात में केवल 22 स्कूल थे, लेकिन भाजपा ने इस बात को समझा कि जब तक शिक्षा नहीं होगी, तब तक क्षेत्र के विकास नहीं होगा। सरकार ने यहां पर स्कूलों की संख्या बढ़ाने व नए स्कूल खोलने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज मेवात में 117 स्कूल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के इन प्रयासों से आम जनमानस में शिक्षा का महत्व बढ़ा है। नीति आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट में इस बात को माना है कि मेवात में शिक्षा का प्रचार-प्रसार और आधार मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे झूठे नारे और झूठे वादे करने वालों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस ने 2018 में किसानों के कर्ज माफी के नाम पर वोट लेने का काम किया और जब कांग्रेस सत्ता में आई तो एक रुपए का भी कर्जा माफ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि 4500 किसानों ने आत्महत्या कर ली और 16 हजार किसानों की जमीन कुर्क हो गई। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि कांग्रेस को केवल वोट से मतलब है, उसे इस बात से कोई सरोकार नहीं है कि उसके झूठ बोलने से किसी की जिंदगी से खिलवाड़ हो जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड योजना शुरू की। मेवात में हजारों लोगों का आयुष्मान कार्ड बना और इस इलाके के लोगों को इस योजना से करोड़ों रुपए का इलाज निशुल्क मिल चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार युवा, गरीब, किसान, महिला सभी के हितों की रक्षा करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत साढ़े 3 लाख करोड़ रुपए देने का काम किया और साथ ही हरियाणा की सरकार ने पिछले साढ़े 9 सालों में किसानों को 12000 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुआवजा देने का काम किया है।

## धीमे उठान और भुगतान में देरी से किसानों को भारी नुकसान: हुड्डा

जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** जैसे-जैसे वोटिंग का दिन नजदीक आ रहा है, हरियाणा कांग्रेस का कुनबा लगातार विस्तार लेता जा रहा है। इसी कड़ी में आज जजपा, इनेलो व अन्य दलों को छोड़कर करीब 50 नेताओं, पदाधिकारियों व सरपंचों ने कांग्रेस ज्वाइन की। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जेजेपी युवा इकाई के प्रदेश प्रधान महासचिव रब्बू पंवार चरखी दादरी, जजपा के पूर्व हलका अध्यक्ष डॉ. विजय सांगवान, पूर्व प्रधान महासचिव युवा ईकाई जजपा प्रोफेसर सत्यपाल आर्य, हलका अध्यक्ष एससी सेल जजपा बाढ़डा लीलू राम, हल्का अध्यक्ष किसान सेल जजपा ओमप्रकाश जटराणा उर्फ लीलू, पूर्व जिला महासचिव बुद्धिजीवी प्रकोष्ट चरखी दादरी धर्मेंद्र बलकारा, बीसी सेल हलका अध्यक्ष बाढ़डा इनेलो दिलबाग नौसवा समेत 50 नेताओं ने अपने समर्थकों संग कांग्रेस का दामन थामा। हुड्डा और चौधरी उदयभान ने सभी का पार्टी में स्वागत किया व पूर्व मान-सम्मान का भरोसा दिलाया।



**हुड्डा बोले: सरकार के 72 घंटे में फसलों के भुगतान के दावे फेल, किसान परेशान**

**कांग्रेस में ज्वाइनिंग का सिलसिला जारी, करीब 50 नेताओं ने ली सदस्यता**

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने खड़ी फसल में आग लगने की घटनाओं पर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सरकार को फायर बिग्रेड को सक्रिय करना होगा। विभाग की तैयारी युद्ध स्तर पर होनी चाहिए। अबतक जिन किसानों को फसलों में आग की वजह से नुकसान हुआ है, सरकार को सभी के लिए उचित मुआवजे का ऐलान करना चाहिए।

हुड्डा ने आगे कहा कि भाजपा के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण लगातार किसानों की समस्याएं बढ़ रही है। मंडियों में किसानों की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है। ऊपर से लगातार बारिश और आंधी का डर बना हुआ है। सरकार की ओर से फसलों के उठान में कोई सक्रियता नहीं लाई गई। किसानों को गेटपास समय पर ना मिलने के कारण सुचारू रूप से खरीद तक नहीं हो पा रही। मंडी कारोबारियों और मजदूरों के अनुसार मंडियों में गेंहू के उठान का टेंडर सिस्टम फेल हो चुका है। सरकार की ओर से जिन ट्रांसपोर्टर्स की ड्यूटी गेहूं उठान में लगाई गई थी, उनके पास पर्याप्त संख्या में वाहन नहीं है। सरकार ने मजदूरी दरों में कटौती कर मजदूरों के साथ शोषण किया है।

## सिरसा राजनीतिक क्षेत्र नहीं, परिवार का हिस्सा: सैलजा

जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और सिरसा से प्रत्याशी कुमारी सैलजा ने कहा कि हमने सिरसा को राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है। कई दशकों से हमने जनता की सेवा की है लोग आज भी उनके पिता चौ. स्व. दलबीर सिंह और उनके काम को याद करते हैं, एक बार फिर मुझे जनता की सेवा करने का अवसर मिला है।

कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा की जनता ने उनके पिता को चार बार सांसद चुना, उन्हें काम करने का मौका दिया। उनके बाद सिरसा के लोगों ने मुझे भी मौका दिया, प्यार दिया, समर्थन दिया, ये मौका सिरसा और अंबाला से दो दो बार मिला। उन्होंने कहा कि हमने सिरसा को कभी राजनीतिक क्षेत्र न मानकर परिवार की तरह माना है।



सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) कुमारी सैलजा 28 अप्रैल को डबवाली, रानियां और ऐलनाबाद का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेगी। रविवार सुबह 10.00 बजे गांधी चौक मंडी डबवाली में कार्यकर्ता बैठक होगी जहां पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया जाएगा। बाद दोपहर 01.00 बजे रानियां के गाबा रिजॉर्ट में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी। शाम 04.00 बजे ऐलनाबाद के लढ़ा रिजॉर्ट में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करेंगी।

## मिड-डे-मील वर्कर को देना होगा फिटनेस सर्टिफिकेट

जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में कार्यरत मिड-डे-मील वर्करों को हर छह महीने में फिटनेस सर्टिफिकेट देना होगा। मौलिक शिक्षा महानिदेशक की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारी और मौलिक जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर मिड-डे-मील वर्कर व कुक का हर छह महीने में मेडिकल करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्कूल मुखिया की मनमानी पर भी नकेल कसते हुए स्पष्ट किया है कि कुक को हटाने व लगाने की प्रक्रिया निदेशालय के निर्देशानुसार होगी।

पत्र में मौलिक शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट हिदायत दी है कि जिला स्तर पर प्रत्येक खंड के विद्यालयों के छात्र की संख्या के अनुसार कुक कार्य कर रही है, इसकी निगरानी डीडीओ रखेंगे, यही नहीं निर्धारित संख्या के अनुसार कुक की नियुक्त न मिलने पर स्कूल मुखिया के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



### जेबीटी से टीजीटी पदोन्नति रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश

मौलिक शिक्षा महानिदेशक ने जेबीटी व सीएंडवी से टीजीटी के विभिन्न विषयों की पदोन्नति मामलों की एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश दिए हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को लिखे पत्र में महानिदेशक की ओर से पदोन्नति रिपोर्ट पूरी नहीं भेजने पर नाराजगी जताई है। जेबीटी से टीजीटी साइंस, मैथ, हिंदी, संस्कृत और पंजाबी के पदों का लेकर पदोन्नति रिपोर्ट निदेशालय की ओर से भेजे गए प्रोफार्मा के मुताबिक एक सप्ताह के भीतर भेजनी होगी। साथ ही जो अध्यापक पदोन्नति नहीं लेना चाहता है, उसे शपथ-पत्र देना होगा, जिसे संलग्न करके मुख्यालय भेजा जाए, उसके आधार पर पदोन्नति सूची तैयार की जाएगी।

निदेशालय की ओर से मिड-डे-मील राशन की घटोत्तरी पर भी कड़ा संज्ञान लिया है। अब राशन की निगरानी का जिम्मा स्कूल मुखिया और एमडीएम इंचार्ज को सौंपा गया है। राशन की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर स्कूल मुखिया के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**खरीद** साढ़े 10 लाख टन सरसों मंडियों में पहुंची, साढ़े नौ लाख टन की हुई खरीद

## गेहूं-सरसों से अटी मंडियां, धीमे उठान से किसानों की मेहनत पर पानी

जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों का धीमा उठान किसानों पर भारी पड़ रहा है। शनिवार को विभिन्न स्थानों पर बारिश और ओलावृष्टि से एक बार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फिरता दिखाई दिया।

प्रदेश में अब तक करीब साढ़े 10 लाख टन सरसों मंडियों में पहुंची है, जिसमें साढ़े नौ लाख टन सरकारी एजेंसियों ने खरीदी है।

इसी तरह मंडियों में पहुंचे 63 लाख टन में से 59 लाख टन गेहूं की खरीद हो चुकी है, लेकिन अभी तक केवल 45 प्रतिशत अन्न का उठान हो पाया है।



व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि बदइंतजामी के बीच ओलावृष्टि व बारिश के कारण लाखों टन गेहूं व सरसों भीग गया है। गेहूं व सरसों की खरीद शुरू करने से पहले अनाज उठान व बारदाने की व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण आज किसान मंडियों में फसल बेचने के लिए धक्के खा रहे हैं। फसलों के उठान में देरी से किसानों को भुगतान भी नहीं हो पा रहा। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि न केवल ठेकेदार पैसे खाने के चक्कर में गेहूं व सरसों के उठान में जानबूझकर देरी कर रहे हैं, बल्कि सरकारी गोदाम में अनाज उतारने के लिए भी सरकारी अधिकारी मोटी रकम वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत प्रभाव से फसलों का उठान कराए और खराब हो चुकी गेहूं व सरसों का मुआवजा दिया जाए। नुकसान की भरपाई अधिकारियों से की जानी चाहिए।

**मंडियों में पहुंचे 63 लाख टन गेहूं में से 59 लाख टन की खरीद, सिर्फ 45 प्रतिशत उठान**

### उठान धीमा होने से फुल हुई मंडियां

लगातार आवक और धीमे उठान से स्थिति यह हो गई है कि मंडियों में गेहूं डालने तक की जगह नहीं बची हैं। अधिकतर मंडियों में जहां तक नजर जाती है, वहां सड़कों, फड़ों पर केवल गेहूं की बोरियां ही दिखाई देती हैं। उठान के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रक नहीं लगाए जाने से मंडियों से गेहूं का नियमित उठान नहीं हो रहा है। हालांकि प्रशासनिक सचिवों ने भी मंडियों के दौरे शुरू किए हैं, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा।